18/08/2025

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश विधान सभा ने आज अपने स्वर्ण जयंती समारोह के समापन के अवसर पर एक विशेष सत्र आयोजित किया, अरुणाचल प्रदेश विधान सभा 1975 में स्थापना के बाद आज अपनी 50 वर्ष की यात्रा का स्मरण करा रहा है।

0000000000000000000000

सदन में चर्चा की शुरुआत करते हुए, संसदीय कार्य एवं शिक्षा मंत्री पी डी सोना ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले पाँच दशकों में सदन ने 137 सत्र और 465 बैठकें आयोजित की हैं और कई कानून पारित किए हैं जिनसे राज्य के विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि अब डिजिटल और कागज़ रहित तरीके से काम करने वाली विधानसभा अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श बन गई है और अपनी व्यवधान-मुक्त कार्यवाही और विकासपरक राजनीति के लिए अद्‌वितीय बनी हुई है।

000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि विधानसभा ने 18 अगस्त, 1975 को पहली बार कार्य करना शुरू किया था और तब से इसने कई सुधारात्मक और परिवर्तनकारी कानून पारित किए हैं। उन्होंने कहा कि बाहरी विरोध के बावजूद, इस संस्था ने जी-20 सम्मेलन सहित प्रमुख आयोजनों का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। उन्होने विधायकों से अरुणाचल को एक विकसित राज्य बनाने के लिए अधिक समावेशी नीतियाँ बनाने का आग्रह किया। उन्होंने प्रमुख चुनौतियों से निपटने में जन जागरूकता और भागीदारी महत्वपूर्ण पर जोर दिया।

00000000000000000000

एक वीडियो संदेश में, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधानसभा के 50 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी। उन्होंने इसे लोकतंत्र का एक स्तंभ बताया और आशा व्यक्त की कि यह जन आकांक्षाओं को पूरा करती रहेगी।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनाइक ने पूर्व विधायकों के योगदान की सराहना करते हुए उनके सहयोग को स्वर्ण जयंती का एक सार्थक पहलू बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सदस्य ने कानून निर्माण, नीतिगत मार्गदर्शन और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से अरुणाचल प्रदेश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर उन्होंने स्वर्ण जयंती स्मारिका और पत्रिका का विमोचन भी किया, जिसके बाद विधानसभा की यात्रा पर एक वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया।

000000000000000000

स्पीकर टेसम पोंगटे ने 50 साल की इस यात्रा को न केवल समय का मापदंड बताया, बल्कि राज्य के लोकतांत्रिक विकास का प्रमाण भी बताया। उन्होंने याद दिलाया कि शुरुआत में विधानसभा में 33 सदस्य थे, जिनमें से 30 निर्वाचित और तीन केंद्र द्वारा मनोनीत होते थे।

0000000000000000000000

चर्चा में भाग लेते हुए, विधायक लाइसम सिमाई ने कहा कि आज सदन में युवा और अनुभवी सदस्यों का अच्छा मिश्रण है, जो एक सकारात्मक संकेत है। विधायक होनचुन नगांडम ने कहा कि राज्य कई सुधारवादी दौरों और राजनीतिक संकटों से गुज़रा है, लेकिन इनसे उबरकर, फल-फूल रहा है और एकजुट है। अन्य सदस्यों, विधायक थंगम वांगम, निनॉन्ग एरिंग, ओकेन तायेंग, वांगलिंग लोवांगडोंग, टोको तातुंग और कांग्रेस विधायक कुमार वाई ने भी चर्चा में भाग लिया।

000000000000000000

पापुमपारे जिला उपायुक्त विशाखा यादव ने आज यूपीया स्थित उपायुक्त सम्मेलन कक्ष में सभी हितधारक विभागों के साथ Panchayat Advancement Index 2.0 पर एक जागरूकता बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए, जिला उपायुक्त ने पीएआई 2.0 के उद्देश्यों और सतत विकास लक्ष्यों के साथ इसके संरेखण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा पीएआई 2.0 के माध्यम से स्थानीयकृत सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करना जमीनी स्तर पर विकास के सच्चे संकेतक के रूप में काम करेगा।

000000000000000000

तवांग जिला उपायुक्त, नामग्याल अंगमो ने आज उपायुक्त सम्मेलन कक्ष में District-level NCORD (Narcotics Coordination) बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान, तवांग पुलिस उपाधीक्षक, तासो काटो ने स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रमों, ग्रामीणों और एस एस बी के साथ संयुक्त अभियानों सहित तवांग पुलिस द्वारा चलाए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। इस दौरान, तवांग जिला उपायुक्त ने आईएलपी उल्लंघनों पर कड़ी निगरानी रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

000000000000000000

मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के दस जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की संभावना जताई है।

0000000000000000000

टीकाकरण पर जिला टास्क फोर्स की पहली तिमाही की बैठक और आगामी खसरा-रूबेला अभियान पर उन्मुखीकरण आज डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल, यूपिया में आयोजित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए, जिला उपायुक्त विशाखा यादव ने जागरूकता अभियान तेज करने का आह्वान किया और चर्चों,

नम्लो, मस्जिदों और इसी तरह के अन्य स्थानों पर सामूहिक समारोहों के दौरान टीकाकरण संबंधी जानकारी का प्रसार करने का आग्रह किया।

0000000000000000000

दो दिवसीय राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप - पाकलू ताइपोडिया क्लासिक-2025 का दूसरा संस्करण अगले 20 दिसंबर से लिकाबाली में आयोजित किया जाएगा। इस चैंपियनशिप का उद्देश्य राज्य भर में बॉडीबिल्डिंग और फिटनेस संस्कृति को बढ़ावा देना है।

0000000000000000000000